BCM SCHOOL BASANT AVENUE LDH.(9.8.24)
Answer key class IX Hindi

I.

1.उनके पड़ोसी ने उन्हें बधाई नहीं दी।
2.उन्हें अपने पड़ोसी पर बार-बार क्रोध आ रहा था ।
3.जब उन्होंने देखा कि सूरज की किरणें समुद्र और गड्ढे में एक समान पड़ रहीं हैं, तब उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ।
4.पड़ोसी ने टैगोर के चरण छूकर और उन्हें देवतुल्य मानकर अपनी भूल सुधारी।

II

1.उत्तर-'कैदी और कोकिल' कविता के माध्यम से कवि ने तत्कालीन ब्रिटिश शासकों द्वारा देश की स्वतंत्रता के लिए आंदोलन करने वाले देशभक्तों पर किए जाने वाले अत्याचारों का वर्णन करते हुए यह स्पष्ट किया है कि स्वतंत्रता सेनानी जेल में बंद होने पर भी अपना साहस नहीं खोते तथा महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए अहिंसापूर्ण स्वतंत्रता-संग्राम में सहर्ष अपना पूरा योगदान देने के लिए तत्पर रहते हैं।

2.उत्तर-कारागार में कवि को डाकू, चोर, ठगों जैसे अपराधियों के साथ बंद किया गया है, जबकि वह एक स्वतंत्रता सेनानी था। उसे पेट-भर भोजन भी नहीं दिया जाता। रात-दिन उस पर कड़ा पहरा रहता है। उसे हथकड़ियों में जकड़ कर रखा गया है। उसे कोल्हू चलाना पड़ता है तथा हथौड़े से ईंट पत्थर भी तोड़ने पड़ते हैं।

3.उत्तर:- रसखान श्रीकृष्ण के प्रति अगाध आस्था और लगाव रखते हैं। वे अपने आराध्य से जुड़ी हर वस्तु से प्रेम करते हैं। इन वस्तुओं को पाने के लिए वे अपना सर्वस्व त्यागने को तैयार हैं। वे लकुटी और कंबल के बदले तीनों लोकों का राज्य, उनकी गाएँ चराने के बदले आठों सिधियाँ और नवों निधियों का सुख छोड़ने को तैयार हैं। श्रीकृष्ण जिन करील के कुंजों की छाया में मुरली बजाते हुए विश्राम किया करते थे उन कुंजों की छाया पाने के लिए कवि सोने के सैकड़ों महलों का सुख छोड़ने को तैयार है।

4.उत्तर:- भाव यह है कि गोपी श्रीकृष्ण का रूप बनाने के लिए उनकी हर वस्तु धारण करने को तैयार है पर उनकी मुरली नहीं, क्योंकि गोपी मुरली से ईर्ष्या भाव रखती है। इसी मुरली ने गोपियों को कृष्ण से दूर कर रखा है। कृष्ण के होठों से लगकर मुरली गोपियों की व्यथा बढ़ाती है।

III

1.मैं परीक्षा की तैयारी नहीं कर रहा हूं।

2.मैं कल विद्यालय जाऊंगा।

3.लड़कियां पुस्तक निकालकर क्या पढ़ रही हैं?

4.वाह !कितना सुहावना मौसम है।

5.सुबह जल्दी उठ जाओ।